
हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 18 जनवरी 2025

तापमान
अधिकतम 18.1 डिग्री
न्यूनतम 5.6 डिग्री

11 भारतीय संविधान पर आधारित डॉक्यूमेंट्री ...



12 गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस अलर्ट कॉम्बिंग ...



## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर
- मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों की बैठक
- जिला विकास भवन में समाधान शिविर
- मांगों को लेकर बिजली निगम के कर्मचारियों की बैठक सुबह 11 बजे

## बिजली कट

- सुबह 10 से 2 बजे तक महावीर कॉलोनी, कृष्णा कॉलोनी, पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, गोहाना रोड, गुरु नानकपुरा, मनदीप स्कूल, दयानंद मठ, सिविल अस्पताल, सैनीपुरा, बसंत विहार, सेक्टर-5, रामगोपाल कॉलोनी, बसंत विहार कॉलोनी

## खबर संक्षेप

### भ्रष्टों की सूची में रोहतक के पांच पटवारी शामिल

**रोहतक।** सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के मामले में पटवारियों की एक सूची जारी की गई है, जिसमें रोहतक जिले के 5 पटवारियों के नाम शामिल किए गए हैं। पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के जिला प्रधान पवन कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा जारी की गई सूची में पटवारियों को बदनाम करने की कोशिश की गई है। अगर सरकार के पास तथ्य और सबूत है तो पेश करें। एसोसिएशन चंडीगढ़ में सरकार से बातचीत कर रही है। एसोसिएशन के प्रदेश नेता जो भी फैसला लेंगे, उसी आधार पर आगे की रणनीति तय की जाएगी।

### विवेकानंद पुस्तकालय में पुस्तक विमोचन 20 को

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के विवेकानंद पुस्तकालय में 20 जनवरी को पुस्तक विमोचन समारोह आयोजित किया जाएगा। विवेकानंद पुस्तकालय के अध्यक्ष डॉ. सतीश मलिक ने बताया कि इस पुस्तक विमोचन समारोह में कुलपति प्रो. राजबीर सिंह बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे और डॉ. अजीत सिंह राणा की पुस्तक- अमृतज्ञानः सुखद का आधार का विमोचन करेंगे। यह कार्यक्रम विवेकानंद लाइब्रेरी के कमेटी रूम में शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा।

### रणधीर भारद्वाज को सीएम ने किया सम्मानित

**रोहतक।** रोहतक में आयोजित स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी पं. श्रीराम शर्मा की प्रतिमा एवं पार्क के अनावरण समारोह के दौरान उत्तम कार्य के लिए रणधीर भारद्वाज को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया।

## 28 फरवरी को 3536 अधिवक्ता चुनेंगे प्रधान

*बोगस पोलिंग रोकने के लिए अहम कदम*

# बार एसोसिएशन चुनाव में पहली बार होगी आधार कार्ड से वोटिंग



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते चुनाव अधिकारी प्रदीप मलिक व अन्य चुनाव सहायक।

- फीस न जमा करने के कारण 900 अधिवक्ता नहीं ले सकेंगे जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला बार एसोसिएशन चुनाव में पहली बार आधार कार्ड देखकर वोटिंग करवाई जाएगी। ताकि बोगस मतदान को रोका जा सके। बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी प्रदीप मलिक ने कहा कि प्रदेश में इससे पहले कहीं भी आधार कार्ड के जरिए कहीं भी वोटिंग नहीं होती। रोहतक में पहली बार यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है।

बार चुनाव में कई दफा बोगस पोलिंग का भी आरोप लगता रहा है। उन्होंने बताया कि वोट डालने आने वाले अधिवक्ता को आधार कार्ड साथ लेकर आना अनिवार्य किया गया है। आधार कार्ड देखने के बाद ही वोट डालने दिया जाएगा।

### मशीन से होगी पड़ताल

प्रदीप मलिक ने बताया कि इसके अलावा 2 आधार कार्ड की मशीनें बार परिसर में लगाई जाएंगी। जो वोट डालने आने वाले अधिवक्ताओं के फिंगरप्रिंट का भी मिलान करेंगी। ताकि बोगस पोलिंग बिलकुल रोकी जा सके।

### 7 फरवरी को शेड्यूल जारी होगा

चुनाव अधिकारी प्रदीप मालिक ने बताया कि अभी तक फीस जमा करवाकर एफिडेविट देने वाले अधिवक्ताओं की संख्या 3536 है। जो मतदान में भाग लेंगे। हालांकि इस लिस्ट को बार बाउंसिल में भेजा जाएगा। वहां पर वैरिफाई होने के बाद अधिवक्ताओं की आपत्तियां मांगी जाएगी। उसके आधार फाइलन लिस्ट तैयार होगी। उन्होंने बताया कि बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर 7 फरवरी को शेड्यूल जारी किया जाएगा और 28 फरवरी को चुनाव होगा।

### चुनाव अधिकारी नियुक्त

जिला बार एसोसिएशन रोहतक के 28 फरवरी को होने वाले चुनाव के लिए बार काउंसिल ऑफ पंजाब एवं हरियाणा ने मुख्य चुनाव अधिकारी, चुनाव अधिकारी व सहायक चुनाव अधिकारी के नामों को मंजूरी दे दी है। वरिष्ठ अधिवक्ता गूगन सिंह हुड्डा मुख्य चुनाव अधिकारी होंगे। जबकि वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप मलिक व ओमप्रकाश पूनिया को चुनाव अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल कुमार शर्मा को सहायक चुनाव अधिकारी बनाया गया है।

### इन पदों पर होंगे चुनाव

जिला बार एसोसिएशन में बार अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव और लाइब्रेरी इंचार्ज के पद के लिए चुनाव होने तय हुए हैं। अधिवक्ताओं की फीस जमा करवाने के लिए 14 जनवरी तक का समय दिया गया था लेकिन करीबन 900 अधिवक्ता फीस जमा नहीं करवा पाए। वह चुनाव में मतदान का प्रयोग नहीं कर सकेंगे। पहले फीस जमा करवाने की तिथि 10 जनवरी तक निर्धारित की गई थी, लेकिन इसे बढ़ाकर 14 जनवरी कर दिया गया था।

*महम में भी चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज*

## निवर्तमान प्रधान रवि शंकर सोनी पैनल की नियुक्तियों को दी स्वीकृति

- चुनाव समिति ने 211 वकीलों की मतदाता सूची बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा के चेयरमैन को भेजी
- 424 वकीलों को मिलना था वोट का अधिकार, शपथ पत्र व अन्य रिकॉर्ड न मिलने की वजह से वोट से वंचित रह सकते हैं 213 वकील

**महम।** बार एसोसिएशन महम का चुनाव 28 फरवरी को होना है। इसको लेकर बार एसोसिएशन द्वारा चुनाव की तैयारियां की जा रही हैं। बार के निवर्तमान प्रधान रवि शंकर सोनी और पूर्व प्रधान प्रदीप ढाका पैनल ने अलग अलग एक एक आरओ और तीन तीन एआरओ की नियुक्ति की थी। पंजाब एंड हरियाणा बार काउंसिल चंडीगढ़ ने रवि शंकर सोनी पैनल के चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति को स्वीकृति प्रदान की है। साथ ही कहा है कि पंजाब एंड हरियाणा बार काउंसिल, बार एसोसिएशन महम की कार्यकारी समिति के उक्त संकल्प के साथ है। बार काउंसिल ने अन्य संचार पर कोई भी संज्ञान लेने से इंकार कर दिया है और उसे दायर करने का आदेश दे दिया है। बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा ने महम बार एसोसिएशन के सभी सदस्यों से निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से चुनाव करवाने में सहयोग की अपील की है। बार काउंसिल ने महम बार एसोसिएशन चुनाव के लिए एडवोकेट राजेश गोयत बतौर चुनाव अधिकारी और एडवोकेट वेदप्रकाश अहलावत, अशोक सिवाच और रविकांत को एआरओ के रूप में अनुमोदित किया है।

### वोटर लिस्ट फाइनल

सहायक चुनाव अधिकारी रविकांत वत्स ने बताया कि शुक्रवार को बार एसोसिएशन चुनाव के लिए वोटर लिस्ट फाइनल करने का अंतिम दिन था। महम बार एसोसिएशन चुनाव के लिए 211 वकीलों की मतदाता सूची नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है। जबकि पहले चर्चा थी कि 424 वकीलों ने बार की सदस्यता प्राप्त कर ली है। लेकिन सचिव के पास जो भी रिकॉर्ड मिला उसके मुताबिक 211 वकीलों को ही मतदाता सूची में शामिल किया जा सकता है। इस सूची को चुनाव समिति ने पंजाब एंड हरियाणा बार काउंसिल के चेयरमैन के पास भेज दिया है। अब देखने वाली बात यह होगी कि चुनाव से पहले 211 वकीलों को मतदान का अधिकारी मिल पाएगा या फिर नई सदस्य भी इस सूची में शामिल हो सकेंगे। क्योंकि प्रदीप ढाका पैनल के वकील भी इस संबंध में बार काउंसिल से पत्र व्यवहार कर सकते हैं।




रोहतक। रनर्स अप ट्रॉफी के साथ खिलाड़ी। फोटोः हरिभूमि

## महिला जूडो प्रतियोगिता में एमडीयू के रोहित ने 100 किलो भार वर्ग में गोल्ड जीता

**रोहतक।** जीएनडीयू अमृतसर में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष एवं महिला जूडो प्रतियोगिता में एमडीयू के रोहित ने 100 किलो भार वर्ग में गोल्ड जीता है। इनके अलावा लक्की ने 60 किलो भार वर्ग में सिल्वर, महिलाओं में 63 किलो भार में कुमारी प्रीति गुलिया ने सिल्वर मेडल और गर्वित ने 73 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीत कर रनर्स अप ट्रॉफी जीती।



रोहतक। आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष कराटे प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

## आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष कराटे में एमडीयू के सत्य प्रकाश और गजेश को गोल्ड

**रोहतक।** एमडीयू रोहतक के डॉ मंगल सेन मल्टीपरपस हाल में आयोजित की जा रही ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष कराटे प्रतियोगिता में आज एमडीयू रोहतक के सत्यप्रकाश ने 50 किलो भार वर्ग में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के आकाश कुमार को हराकर ओर एमडीयू के गजेश ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के जतिन को हराकर दो गोल्ड मेडल जीत कर एमडीयू का नाम रोशन किया। इनके अलावा आरवी यूनिवर्सिटी के एमपी जगरूथ ने गोल्ड, कुरुक्षेत्र के रामभजन ने सिल्वर, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली के आदित्य धनराज ब्रांज, कोटयम यूनिवर्सिटी के दीपांकर ने कांस्य पदक जीते।



## बॉक्सर स्वीटी बूरा को राष्ट्रपति भवन में सम्मान मिलने पर लोगों में खुशी

**रोहतक।** शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में हुए खेल पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रोहतक की बहू स्वीटी बूरा को बॉक्सिंग में 2024 के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया। भारतीय जनता पार्टी जिला रोहतक के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिला मीडिया समन्वयक हरिओम मित्तल भाली ने स्वीटी बूरा की इस उपलब्धि पर जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका व समस्त टीम की ओर से बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल स्वीटी का सम्मान है। बल्कि इस उपलब्धि को हासिल कर उन्होंने पूरे रोहतक का सम्मान बढ़ाया है। स्वीटी इससे पूर्व एशिया बॉक्सिंग चैंपियनशिप भी जीत चुकी है। बरवाला तहसील के घिराय की बेटी ब रोहतक की बहू ने जब खेल खेलना प्रारंभ किया तो उन्होंने यह सोचा नही था कि उसे देश के खेल के सबसे सम्मानित पुरस्कार से नवाजा जाएगा। बूरा कहती हैं कि कोच के अलावा मेरी उपलब्धि में पति दीपक हुड्डा का भी बहुत योगदान हैं।

## मदविः 10 तक बिना विलंब शुल्क के आवेदन कर सकते हैं विद्यार्थी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन द्वारा ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग तथा ऑनलाइन मोड के माध्यम से संचालित यूजी/पीजी के इंटरमीडिएट पाठ्यक्रमों में जनवरी-फरवरी 2025 में एडमिशन के लिए अभ्यर्थी 10 फरवरी तक बिना विलंब शुल्क के ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।सीडीओई निदेशक प्रो. नसीब सिंह गिल ने बताया कि सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन द्वारा ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड से संचालित इंटरमीडिएट पाठ्यक्रमों- बीए दूसरे वर्ष- तीसरे व चौथे सेमेस्टर तथा तीसरे वर्ष- पांचवें व छठे सेमेस्टर, बीकॉम दूसरे वर्ष-तीसरे व चौथे सेमेस्टर तथा तीसरे वर्ष-पांचवें व छठे सेमेस्टर, एमए दो वर्षीय- हिन्दी, संस्कृत, एमएससी गणित दूसरे वर्ष-तीसरे व चौथे सेमेस्टर, एम.लिब एंड इंफॉर्मेशन साइंस दूसरे वर्ष-तीसरे व चौथे सेमेस्टर तथा ऑनलाइन मोड से संचालित इंटरमीडिएट पाठ्यक्रमों- एम कॉम दूसरे वर्ष-तीसरे व चौथे सेमेस्टर तथा एमएससी गणित दूसरे वर्ष-तीसरे में प्रवेश के लिए 10 फरवरी तक बिना विलंब शुल्क के ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**सुनवाई** संबंधित शिकायतकर्ताओं से फीडबैक भी लिया जा रहा

# समाधान शिविर में आई 26 शिकायतें 6 का मौके पर किया गया निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने समाधान शिविर में शिकायतों के निपटारे की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लंबित शिकायतों का जल्द निपटारा सुनिश्चित करें। समाधान शिविर में 26 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 6 शिकायतों का मौके पर निपटारा कर दिया गया तथा अन्य शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया जारी है। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित समाधान शिविर के दौरान कहा कि जिला प्रशासन द्वारा हर कार्य दिवस जिला मुख्यालय, उपमंडल मुख्यालय व नगर निगम कार्यालय में सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। इन शिविरों में प्राप्त हो रही शिकायतों का मौके पर निपटारा करने के प्रयास किए जाते है। सभी विभागों के उच्चाधिकारी इन शिविरों में उपस्थित रहकर अपने विभाग से संबंधित शिकायत का निपटारा करते है। नरेंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए गए निर्देशों अनुसार यह समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। मुख्यमंत्री कार्यालय तथा मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा निरंतर इन समाधान शिविरों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निगरानी की जा रही है। सरकार द्वारा संबंधित शिकायतकर्ताओं से भी फीडबैक लिया जा रहा है। इस अवसर पर नगराधीश अंकित कुमार, जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की कार्यकारी अभियंता सीमा नारा, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा, सिंचाई विभाग के हाइड्रोलॉजिस्ट दलबीर राणा तथा भाजपा के प्रतिनिधि एडवोकेट अंकुश आदि मौजूद रहे।



समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार।




पोलर बियर 100 में से औसतन सिर्फ 2 बार ही अपने शिकार को पकड़ पाते हैं।


बोटो गुलाबी रंग के डॉलफिन की दुर्लभ प्रजाति है जो अमेज़न नदी में पाई जाती है।

# कैसे बनाएं बॉम्बे आर्ट कोर्स में करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

कला संस्कृति हमारे भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, जो सदियों से चला आ रहा है। वर्तमान समय में भी बड़े पैमाने पर कला संस्कृति को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। भारत के कोने कोने में बड़े पैमाने पर विभिन्न प्रकार के शिक्षण संस्थान है जो कला से संबंधित पाठ्यक्रम का ज्ञान देते हैं तथा विभिन्न प्रकार की डिग्री प्रदान करते हैं जिसके आधार पर विद्यार्थी कला से संबंधित कार्य करते हैं और लोगों को जागरूक करते हैं अथवा कला से संबंधित अध्यापक बनते हैं। अगर आप का भी सपना कला विषय से संबंधित अध्यापक बनना है तो आप भी मुंबई आर्ट्स का कोर्स कर सकते हैं।

## युवाओं की पसंद

आज के समय में कला संस्कृति का रंग रूप थोड़ा बदल चुका है, जिससे सदियों से चली आ रही कला संस्कृति के साथ-साथ वर्तमान कला संस्कृति और अत्याधुनिक तकनीकी वाली कला संस्कृति के मिश्रण की वजह से आज के समय में हमें कला के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के नए-नए रंग रूप देखने को मिलते हैं। यही वजह है कि आज के समय में अधिकांश युवा कला के क्षेत्र में अपना करियर जोड़ना चाहते हैं। अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प ढूंढ रहे हैं। कला के क्षेत्र में आगे बढ़ कर आप तरह-तरह के कला से संबंधित कलात्मक कार्य कर सकते हैं अथवा आर्ट्स के संबंध में अध्यापक बन सकते हैं। ऐसा अब तक लाखों युवा कर चुके हैं और लाखों युवा कर भी रहे हैं। अगर आपके अंदर कोई भी हुनर है तो आप उस आधार पर कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। उससे संबंधित कोर्स करके डिग्री हासिल कर सकते हैं और अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प चुन सकते हैं। बता दें कि आज के समय में विभिन्न प्रकार के विषय कला क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं ऐसी स्थिति में आपके अंदर हर किसी छोटे बड़े हुनर या कलात्मक कार्य का अनुभव आपको बेहतरीन बना सकता है। कटनी में भारत में बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले कला पर आधारित आयोजन एवं दर्शनी मुखिया रूप से दिखाई देते हैं। इसके अलावा कला से संबंधित विभिन्न प्रकार के पद भी आज के समय में हमें देखने को मिलते हैं तो आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

## क्या है यह कोर्स

बॉम्बे आर्ट एक सर्टिफिकेट कोर्स है जो कला के क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को कराया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद विद्यार्थी कला के क्षेत्र में शिक्षक बन सकता है इसके लिए उन्हें बीएड डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। बिना बीएड डिग्री के भी मुंबई आर्ट कोर्स करने के बाद किसी भी शिक्षण संस्थान और स्कूल में पढ़ा सकता है और इसके लिए कोई दूसरी डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। इस बात से आप मुंबई आर्ट कोर्स की महत्वता समझ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट एक शिक्षण संस्थान है जो बॉम्बे आर्ट सर्टिफिकेट डिप्लोमा की डिग्री प्रदान करवाता है। महाराष्ट्र सरकार ने सबसे पहले भारत में मुंबई में इसकी शुरुआत की थी इस शिक्षण संस्थान का उद्देश्य विलुप्त हो रहे कला संस्कृति को फिर से उजागर करना और नए रूप में लोगों के समक्ष प्रस्तुत करना है। वर्तमान समय में बॉम्बे आर्ट पब्लिक ऑर्गेनाइजेश है जो पूरे भारत में फैला हुआ है तथा कोई भी संस्थान इसकी फ्रेंचाइज ले सकता है। इस शिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य कलात्मक शिक्षा का प्रचार करना है। इससे बिजनेस भी किया जाता है और तरह-तरह के पद भी उत्पन्न होते हैं। आज के समय में जहां हमें प्रत्येक सरकारी नौकरी के लिए बहुत बड़े कंपीटिशन से गुजरना होता है।

## जरूरी योग्यता

किसी भी कोर्स को करने के लिए या उस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उससे संबंधित योग्यता का होना अति आवश्यक है। इसीलिए अगर आप बॉम्बे आर्ट के तहत आर्ट क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं, तो आपके पास इससे संबंधित कुछ योग्यताएं अथवा पत्रता होनी चाहिए जिसके आधार पर आप इस क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। यह इस बात को भी प्रमाणित कर देगा कि इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आपके पास क्या है और क्या आप वास्तव में इस क्षेत्र में कुछ कर पाएंगे या नहीं। बॉम्बे आर्ट के लिए निर्धारित की गई योग्यताएं निम्नलिखित है।

- इस कोर्स को करने के लिए कम से कम 12 वीं पास होना आवश्यक है।
- विद्यार्थी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा पास करके इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है।
- बारहवीं कक्षा आर्ट्स सब्जेक्ट से पास की हुई है तो बेहतर रहेगा।
- इस कोर्स को करने के लिए विद्यार्थी के मन में कला विषय से संबंधित रुचि होनी चाहिए।
- किसी भी प्रकार का कला से संबंधित हुनर के आधार पर इस कोर्स को कर सकते हैं।
- कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने वालों को बॉम्बे आर्ट कोर्स अवश्य करना चाहिए।

**इस तरह करें कोर्स :** कला के क्षेत्र से संबंध रखने वाला बॉम्बे आर्ट कोर्स वर्तमान समय में काफी लोकप्रिय हो रहा है। इस कोर्स को करने के लिए आपके पास कुछ योग्यता और पात्रता होने चाहिए इसके अलावा कुछ जरूरी दस्तावेजों के आधार पर आप आसानी से कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट कोर्स करने के लिए आपको सबसे महत्वपूर्ण इस बात पर ध्यान देना होगा कि आपके अंदर कौन सा हुनर हैं। आप कला के क्षेत्र से संबंधित कौन सा कार्य करना जानते हैं या आपका किस कार्य में मन लगता है। उस आधार पर ही आपको इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। अगर आप पहले से ही बॉम्बे आर्ट कोर्स करना चाहते हैं तो सबसे पहले कला वर्ग से 12वीं कक्षा 50% अंकों के साथ पास करें किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा कला वर्ग से पास करने के बाद आप महाराष्ट्र में मुंबई स्थित बॉम्बे आर्ट शिक्षण संस्थान अथवा इसकी फ्रेंचाइज के तहत बॉम्बे आर्ट कोर्स कर सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि संपूर्ण भारत में सबसे पहले महाराष्ट्र सरकार ने ही शिक्षण संस्थान की शुरुआत की लेकिन हाल फिलहाल में उत्तर प्रदेश सरकार ने भी इसी तरह के एक शिक्षण संस्थान की शुरुआत की है जो इसी तरह आर्ट्स की डिग्री उपलब्ध कराती है, जिससे बिना बीएड की डिग्री के विद्यार्थी कला विषय से संबंधित अध्यापक बन सकते हैं।

### क्लेरिकल ग्रेड के कार्यों का रिव्यू करना होता है मुख्य काम

# सरकारी नौकरी पाना पहली पसंद है तो समीक्षा अधिकारी बन चमकाएं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## यह एक अति महत्वपूर्ण पद

वर्तमान समय में लाखों की संख्या में युवा सरकारी नौकरी के तहत विभिन्न प्रकार के पदों के लिए आवेदन करते हैं और दिन रात मेहनत करते हैं। ऐसा ही एक पद रिव्यू ऑफिसर का है। इस पद के लिए भी कई युवा तैयारी कर रहे हैं जबकि कुछ लोगों को तो इसके बारे में अधिक जानकारी भी प्राप्त नहीं है। तो इस आर्टिकल में हम आपको बताने वाले हैं कि वह क्या होता है तथा रिव्यू ऑफिसर कैसे बन सकते हैं। सरकारी नौकरी के तहत देश भर में विभिन्न प्रकार के पद वर्तमान समय में उपस्थित हैं। जहां पर कार्यरत होकर आप अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प का चयन कर सकते हैं। सरकारी नौकरी के तहत अच्छी सैलरी मिलती है और विभिन्न प्रकार की सुविधा मिलती है। यही वजह है कि आज के समय में अधिकांश युवा सरकारी नौकरी का चयन करते हैं लेकिन सरकारी नौकरी मिलना इतना आसान नहीं है। आमतौर पर अधिकतर युवा सरकारी नौकरी के तहत आर्मी पुलिस या फिर अध्यापक इस प्रकार के पदों के लिए आवेदन करते हैं। लेकिन मैं आपको बता दूं कि अगर आप इंडिया से हैं तो ऑफिसर के लिए आवेदन कर सकते हैं यह भी एक महत्वपूर्ण पद होता है। रिव्यू ऑफिसर बनने के बाद आपको कुछ सामान्य कार्य करना होते हैं जिसके तहत रिव्यू करना मुख्य काम होता है। इसे काफी आसान तरीके से किया जाता है लेकिन इस पद पर कार्यरत होने के लिए आपको कंपीटिशन से गुजरना पड़ेगा। हालांकि अधिकांश युवा इस पद के बारे में नहीं जानते हैं। इसीलिए इस परीक्षा को पास करना आपके लिए काफी आसान हो सकता है। समीक्षा अधिकारी क्या होता है। समीक्षा अधिकारी क्या कार्य करता है तथा समीक्षा अधिकारी कैसे बनते हैं।



## क्या होता है समीक्षा अधिकारी

आरओ का फुल फॉर्म रिव्यू ऑफिसर होता है। रिव्यु अधिकारी को हिंदी में समीक्षा अधिकारी कहते हैं। अब आप समझ गए होंगे कि इस पद का मतलब क्या होता है। नाम से ही पता चलता है की समीक्षा करना या रिव्यू करना जो आपको कार्य किया जाता है उसका रिव्यू करना होता है। उसकी समीक्षा करनी होती हैं। इस कार्य को करने वाले अधिकारी को रिव्यू अधिकारी कहते हैं। इस प्रकार के पद की पोस्टिंग की जाती है तो इसे रिव्यू ऑफिसर कहा जाता है। यहां भारत राज्यों के अंतर्गत आने वाला एक सरकारी पद है। इस पद पर कार्यरत होने के लिए लाखों की संख्या में युवा हर वर्ष आवेदन करते हैं। इस पद पर कार्यरत अधिकारी को समीक्षा अधिकारी कहा जाता है क्योंकि उसका काम रिव्यू करना होता है। मुख्य रूप से समीक्षा अधिकारी का काम क्लेरिकल ग्रेड के द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा करना होता है। इस प्रकार से समीक्षा का कार्य इस पद पर कार्यरत अधिकारी के द्वारा किया जाता है। यह एक आसान काम होता है जिसके लिए अच्छी तनख्वाह मिलती है और भी विभिन्न प्रकार की सरकारी सुविधाएं दी जाती है। देश के सभी राज्यों की तरह समीक्षा अधिकारी की नियुक्ति की जाती है। समीक्षा अधिकारी अपने अंतर्गत आने वाले कार्य कलारिकल ग्रेड के द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा करते हैं। इन समीक्षा अधिकारियों की नियुक्ति राज्य के सचिवालय के अंतर्गत आने वाले विभागों के अंतर्गत अनेक सारे अनुपमा में की जाती है। यहां पर समीक्षा अधिकारी को समीक्षा का कार्य करना होता है। विभाग से संबंधित अधिकारिक पत्रों की जांच करना और उसकी समय पर समीक्षा करना समीक्षा अधिकारी का कार्य होता है।

## कैसे बनें आरओ

समीक्षा अधिकारी बनने के लिए सबसे पहले आपको अपनी योग्यता चेक कर लेनी चाहिए, कौन-कौन सी योग्यता होनी चाहिए? यह जानकारी ऊपर हम आपको बता चुके हैं। तो अब आप अपनी योग्यता के अनुसार समीक्षा अधिकारी बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इससे पहले जान लीजिए कि समीक्षा अधिकारी बनाने के लिए आपको एक परीक्षा पास करनी होगी। इस परीक्षा का आयोजन यूपीपीएससी के द्वारा किया जाता है। हर वर्ष एक बार यूपीपीएससी द्वारा समीक्षा अधिकारी के पदों के लिए आवेदन मांगे जाते हैं। आवश्यकता के अनुसार विभाग द्वारा रिक्त पदों पर आवेदन मांगे जाते हैं। इसके लिए परीक्षा का आयोजन कराया जाता है। परीक्षा में पास होने वाले विद्यार्थियों के अंतर्गत मेरिट लिस्ट तैयार की जाती है और फिर मेरिट लिस्ट में से रिक्त पदों के अनुसार समीक्षा अधिकारी का चयन किया जाता है। इससे पहले आपको यह जान लेना चाहिए कि यह परीक्षा 3 चरणों में संपन्न होती है। प्रथम चरण की प्रारंभिक परीक्षा होती है। इस परीक्षा को पास करने के बाद द्वितीय चरण की मुख्य परीक्षा होती है। यह परीक्षा थोड़ी कठिन होती है इसके बाद तृतीय चरण की आखिरी परीक्षा के तहत आपका इंटरव्यू लिया जाता है।

## कार्य

**रिव्यू अधिकारी को सरकारी नौकरी के तहत कुछ आसान से कार्य करने होते हैं। समीक्षा अधिकारी को अपने अनुभाग के अंतर्गत आने वाले संबंधित सभी तरह के कार्यों को समीक्षा के आधार पर संपन्न करने होते हैं। रिव्यु अधिकारी को दिए जाने वाले कार्य इस प्रकार है।**

- समीक्षा अधिकारी का कार्य अपने अंतर्गत आने वाले विभाग में विवरण पत्र तथा उपयोग में ली जाने वाली प्रतियों को तैयार रखना।
- अपने अंतर्गत आने वाले विभागों के अनुभाग में प्राप्त होने वाले पत्रों को हर रोज रजिस्टर करना।
- अपने अनुभाग से संबंधित जरूरी कागजात को सही ढंग से रखना और उसका संचालन करना।
- अनुवाद से संबंधित समीक्षा कार्य के रूप में अन्य सहायकों को मदद प्रदान करना।
- अनुवाद से संबंधित सभी डाक से जुड़े हुए विवरण को दर्ज करके उसे सुरक्षित रखना।

## आरओ की सैलरी

समीक्षा अधिकारी क्या होता है तथा समीक्षा अधिकारी कैसे बनते हैं। यह आपने जान लिया है तथा यह भी जान लिया है कि समीक्षा अधिकारी का क्या कार्य होता है। तो अब हम आपको यह बता देते हैं कि समीक्षा अधिकारी को कितनी सैलरी दी जाती है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि समीक्षा अधिकारी के पद आरओ के लिए आमतौर पर शुरुआत में ₹40,000 हर महीने दिए जाते हैं। जबकि इसी से संबंधित दूसरे पर एआरओ के लिए ₹35,000 तक दिए जाते हैं। और यह सैलरी बाद में अनुभव के साथ बढ़ जाती है।

## आरओ के लिए योग्यता

अगर आप समीक्षा अधिकारी बनने के इच्छुक हैं तो आपको निर्धारित की गई योग्यता के आधार पर आवेदन करना होगा। बता दें कि प्रत्येक सरकारी नौकरी के लिए कुछ योग्यता निर्धारित की जाती है जिसके आधार पर आवेदन करने पर यह सुनिश्चित किया जाता है कि उस व्यक्ति के अंदर इस पद पर कार्य करने से संबंधित जानकारी हैं। योग्यता के बाद परीक्षा देनी होती है। यह परीक्षा थोड़ी मुश्किल होती हैं क्योंकि सचिवालय के अंतर्गत आने वाले विभाग और उसके अंतर्गत आने वाले अनुभाग के अंदर समीक्षा का कार्य करना बड़ी बात है। यह एक महत्वपूर्ण पद है। इसीलिए इस पद के लिए निर्धारित की गई योग्यता इस प्रकार है।

## ये आवश्यक योग्यताएं जरूरी

- समीक्षा अधिकारी बनने के लिए आवेदन कर्ता भारत का मूल नागरिक होना चाहिए।
- आवेदक के पास किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक की डिग्री होनी चाहिए।
- कुछ पोस्ट के लिए आवेदक के 'ओ' लेवल का कंप्यूटर सर्टिफिकेट होना चाहिए।
- कुछ पोस्ट के लिए आवेदक के पास कॉमर्स विषय के अंतर्गत स्नातक की डिग्री होनी चाहिए।
- आवेदन करने वाले की आयु कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए।
- आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु सीमा में अतिरिक्त छूट प्रदान की जाती है।
- आवेदन कर्ता के लिए अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष निर्धारित की गई है।

## परीक्षा पैटर्न

समीक्षा अधिकारी करने के लिए यूपीपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा को पास करना होगा। यह परीक्षा दो चरणों में आयोजित करवाई जाती है। प्रथम चरण में प्रारंभिक परीक्षा होती है। यह एक आसान परीक्षा है इस परीक्षा को पास करने वाले विद्यार्थी द्वितीय चरण की मुख्य परीक्षा दे सकते हैं। यह थोड़ी कठिन परीक्षा होती है। तो आइए जानते हैं कि सभी चरणों की परीक्षा के अंतर्गत कितने आंखों के किस प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं

## प्रारंभिक परीक्षा

समीक्षा अधिकारी बनने के लिए आयोजित प्रारंभिक परीक्षा के अंतर्गत दो विषय से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। पहला- सामान्य अध्ययन, दूसरा- हिंदी विषय! इस परीक्षा में सामान्य अध्ययन से संबंधित 140 अंकों के कुल 140 प्रश्न आते हैं। यानी प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित किया गया है जबकि हिंदी विषय में भी इसी तरह प्रत्येक प्रश्न के लिए एक आंगन में पारित किया गया है। लेकिन इसमें कुल 60 प्रश्न होते हैं जिसके लिए 60 अंक निर्धारित किए जाते हैं। हिंदी विषय में और सामान्य अध्ययन विषय में ऑब्जेक्टिव टाइप के प्रश्न पूछे जाते हैं।

## मुख्य परीक्षा

समीक्षा अधिकारी बनने के लिए आयोजित द्वितीय चरण के मुख्य परीक्षा चार पेपर के अंतराल में आयोजित करवाई जाती है। इस परीक्षा के तहत आपको चार पेपर देने होते हैं। इस परीक्षा के लिए आपको सामान्य अध्ययन सामान्य हिंदी एवं आलेखन सामान्य शब्द एवं हिंदी व्याकरण तथा हिंदी निबंध से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। सामान्य अध्ययन का प्रश्न पत्र 2 घंटे का होता है। इसमें 120 प्रश्न 120 अंकों के लिए दिए जाते हैं।

*सामान्य हिंदी के तहत आपको 2 घंटे 30 मिनट में 100 प्रश्नों के उत्तर 100 अंकों के लिए देने होते हैं। सामान्य शब्द हिंदी के तहत 30 प्रश्नों के उत्तर 30 मिनट में 60 अंकों के लिए देने होते हैं। हिंदी निबंध विषय से संबंधित प्रश्न पत्र में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर 120 अंकों के लिए निर्धारित किए गए हैं। इसका समय 3 घंटे निर्धारित किया गया है। इस पद पर तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को इन सभी विषयों के अंतर्गत पूछे जाने वाले समय के अनुसार प्रश्न और उनको के बारे में पता होना चाहिए।*

# निरंतर सीखने की आदत और सही मार्गदर्शन से ही अपनी मंजिल तक पहुंच सकते हैं हम



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

जीवन में सफलता पाने के लिए सिर्फ एक दिशा में प्रयास करना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि सही दिशा में निरंतर सीखते रहना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। आज के युग में जहाँ तकनीकी और सामाजिक बदलाव बहुत तेजी से हो रहे हैं, वहां केवल वही व्यक्ति सफलता की ऊंचाइयों को छू पाता है, जो लगातार नए ज्ञान और कौशल प्राप्त करता रहता है। निरंतर सीखने का मतलब सिर्फ किताबों तक सीमित रहना नहीं है, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में नई चीजें सीखने और अपनी सोच को विस्तृत करने का है। यही सीख हमें हमारे धर्म, माता-पिता और शिक्षकों से मिलती है। धर्म हमें जीवन के नैतिक और आध्यात्मिक पहलुओं को समझने की शिक्षा देता है, जो हमें अपने कर्मों में सच्चाई, ईमानदारी और सेवा की भावना को बनाए रखने में मदद करती है।

## निष्ठा को बनाए रखना चाहिए

माता-पिता का समर्पण और संघर्ष हमें यह सिखाता है कि मुश्किलों के बावजूद हमें अपनी मेहनत और निष्ठा को बनाए रखना चाहिए। वही शिक्षक हैं, जो हमें ना सिर्फ पाठ्यक्रम से जुड़ी जानकारी देते हैं, बल्कि हमें यह भी बताते हैं कि जीवन में कैसे सही निर्णय लें, अपनी गलतियों से कैसे सीखें और हर कठिनाई को अवसर में बदलें। जब हम इन तीनों स्तंभों धर्म, माता-पिता और शिक्षकों के द्वारा दी गई शिक्षा को अपनी यात्रा का हिस्सा बनाते हैं, तो हम न सिर्फ अपने ज्ञान का विस्तार करते हैं, बल्कि अपने व्यक्तित्व को भी मजबूत बनाते हैं। इससे न केवल हमारी मंजिल तक पहुँचने की दिशा स्पष्ट होती है, बल्कि हम सफलता की ऊँचाइयों को छूने के लिए हर दिन एक नए उत्साह और विश्वास के साथ आगे बढ़ते हैं। यही असली सफलता है, जो सिर्फ बाहरी उपलब्धियों से नहीं, बल्कि आत्मविकास और जीवन के हर पहलु में संतुलन बनाए रखने से आती है। आज के तेजी से बदलते हुए दौर में, यह कहा जा सकता है कि ₹सीखो और तब तक सीखते रहो, जब तक सफलता का रास्ता आपके सामने न हो।₹ जीवन में बदलाव और सुधार केवल तब संभव है जब हम अपनी क्षमता को लगातार निखारते रहें। यदि आप अपनी शिक्षा और जीवन में सफल होना चाहते हैं, तो आपको खुद को हर दिन उन्नत करने की आवश्यकता है। यह लेख इस बात पर केंद्रित है कि कैसे आप धर्म, माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन से न केवल अपने कौशल को बढ़ा सकते हैं, बल्कि वर्तमान युग की चुनौतियों का सामना भी कर सकते हैं। आज का युग तकनीकी प्रगति और जानकारी के विस्फोट का है। हर रोज नई जानकारी और कौशल सामने आते हैं, और यदि हम अपनी क्षमता को अद्यतन नहीं करते, तो हम पिछड़ सकते हैं। अपनी शिक्षा को अद्यतन करना और नए कौशल सीखना अब पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

## धर्म का महत्व

**धर्म न केवल हमारे जीवन के सिद्धांतों को मजबूत करता है, बल्कि हमें अपनी यात्रा में सही दिशा भी देता है।**

**संस्कार और नैतिक मूल्य:** धर्म हमें सच्चाई, ईमानदारी, और दूसरों की मदद करने की प्रेरणा देता है। यह हमें व्यावहारिक जीवन में सशक्त बनाने के साथ-साथ मानसिक शांति भी प्रदान करता है।

**आध्यात्मिक शक्ति:** जीवन की कठिनाइयाँ और असफलताएँ हमें निराश कर सकती हैं, लेकिन धर्म हमें आंतरिक शक्ति देता है ताकि हम उन चुनौतियों का सामना कर सकें।

**जीवन का उद्देश्य:** धर्म हमें यह सिखाता है कि जीवन केवल व्यक्तिगत सफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की सेवा करना और दूसरों के जीवन में बदलाव लाना भी महत्वपूर्ण है।

**माता-पिता का महत्व :** माता-पिता जीवन के पहले गुरु होते हैं। वे हमें न केवल जीवन के मूल्य सिखाते हैं, बल्कि हर कदम पर हमें प्रेरित भी करते हैं।

**संस्कार और अनुशासन:** माता-पिता का कड़ा अनुशासन हमें मेहनत, समय प्रबंधन और लक्ष्य निर्धारित करने की कला सिखाता है।

**प्रेरणा और समर्पण:** माता-पिता का संघर्ष और समर्पण हमें प्रेरित करता है कि हम किसी भी स्थिति में हार न मानें और निरंतर मेहनत करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4}$* में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या **Z** है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या **M** है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) **M+Z** (बी) **M-Z**
(सी) **M x Z** (डी) **M/Z**

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## जिलास्तर पर सामूहिक संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम आयोजित

# भारतीय संविधान पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



जिला प्रशासन द्वारा हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान के अंतर्गत जिलास्तर पर सामूहिक संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। संविधान पर आधारित डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। इसके अलावा जिला के सभी कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में सामूहिक संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम आयोजित किए गए। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने दी। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए के सभागार में जिला स्तरीय सामूहिक संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा। नगराधीश अंकित कुमार, जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा तथा मौके पर उपस्थित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी संविधान प्रस्तावना को पढ़ा। भारतीय संविधान पर आधारित डॉक्यूमेंट्री में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को भी लोगों तक पहुंचाया गया, जिसके अनुसार हम भारत के लोग केवल शब्द ही नहीं है, बल्कि यह एक संकल्प-प्रतिज्ञा-विश्वास है। इस डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से यह बताया गया है कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे विस्तृत, लिखित एवं लचीला संविधान है, जिसमें 395 अनुच्छेद, 22 भाग तथा 12 अनुसूचिया शामिल है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने कार्यालयों में संविधान की प्रस्तावना को प्रदर्शित करें।



रोहतक। विद्यार्थियों को संविधान की पालना करने की शपथ दिलवाते जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉ. वरूण अरोड़ा।

## पीजीआई में मनाया संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के लैक्चर थियेटर पांच, डेंटल कालेज, फार्मेसी कालेज, नर्सिंग कालेज सहित कई जगह पर कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल के दिशा-निर्देशन में संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संविधान की पालना करने की शपथ दिलवाई गई। पीजीआईडीएस के पब्लिक हेल्थ डेंटिसटरी विभाग के डॉ. आदर्श ने बताया कि आज संस्थान के अलग-अलग कालेजों द्वारा संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. आदर्श ने बताया कि भारत सरकार ने देश के संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्ष भर चलने वाले ऐतिहासिक समारोह की शुरूआत की घोषणा की है। नर्सिंग कालेज की प्राचार्य प्रो. सुनीता कुमारी ने बताया कि से समारोह हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के तहत आयोजित किया जा रहा है और इसका उद्देश्य संविधान में निहित मूल मूल्यों को दोहराते हुए संविधान के निर्माताओं का सम्मान करना है। जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉ. वरूण अरोडा ने बताया कि आज लैक्चर थियेटर पांच में भी विद्यार्थियों के लिए संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### संविधान का महत्व बताया

**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में मतदाता क्लब और राजनीति विज्ञान विभाग के अंतर्गत हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी और राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष निशांत सैनी ने किया। प्राचार्या डॉ दर्शना ने छात्राओ को संविधान के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि संविधान के बिना जीवन अधूरा है। विभागाध्यक्ष निशांत सैनी ने सभी छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना के बारे में बताया और कहा कि इसको हमें केवल पढ़ना नहीं है बल्कि अपने जीवन में उतारना है। इस अवसर पर प्रोफेसर नरेशचंद्र, सहायक प्रोफेसर सादिका, सहायक प्रोफेसर सीमा सहित अन्य मौजूद रहे।







## जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में सविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय की सभी कक्षाओं के छात्रों ने शिरकत की। संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूर्ण होने की उपलक्ष में यह समारोह मनाया गया। जिसमें छात्रों ने संविधान पठन कर इसमें निहित मूल मूल्यों को दोहराते हुए संविधान के निर्माताओं को नमन किया व संविधान के महत्व को दर्शाया। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्या डॉ. ममता मलिक ने कहा कि यह समय मानवीय और संवैधानिक मूल्यों को अपने व्यवहार के केंद्र में लाने का है, संविधान हमारे देश के कानूनों और सिद्धांतों का आधार है और यह सभी नागरिकों के अधिकारों और स्वतंत्रता को सुनिश्चित करता है।

इस अवसर पर विद्यालय डायरेक्टर सुरेंद्र मलिक, उप प्रधानाचार्या मशेनका, हर्ष, रेशमा, रुचि, रेखा, वीरेंद्र, सुमित, विन्नी, रितु, सीमा, ज्योति, सुमन, सुरेखा, मीनाक्षी आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम के तहत ली शपथ

**रोहतक।** पुलिस अधीक्षक स्थित सभागार में शुक्रवार को पुलिस ने संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम के तहत शपथ ली गई। इस अवसर पर प्रधान लिपिक निरीक्षक नवीन द्वारा कार्यालय पुलिस अधीक्षक में तैनात सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम 'हमारा संविधान हमारा स्वाभिमानट' के तहत आयोजित किया जा रहा। जिसका उद्धेश्य संविधान मे निहित मूल्यो को दोहराते हुये संविधान के निर्माताओ का सम्मान करना है। सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान की उद्धेशिका की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि देश की अखंडता व प्रभुता को बनाएं रखने के लिए संविधान की पालना करना सबका दायित्व हैं।



रोहतक। पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलावते प्रधान लिपिक निरीक्षक नवीन।

## बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी के विभिन्न विभागों में हुआ संविधान वाचन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी के विभिन्न विभागों में शुक्रवार को 'हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान' अभियान के तहत प्रस्तावना वाचन और शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का उद्देश्य संविधान में निहित मूल सिद्धांतों और राष्ट्रीय एकता के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गान के साथ हुई, जिसके बाद संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी के सभी विभागों में इस आयोजन को उत्साहपूर्वक मनाया गया। विद्यार्थियों, शिक्षकों, और प्रशासनिक अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुख्य कार्यक्रम में कुलपति डॉ. एचएल वर्मा ने कहा कि भारत का संविधान हमारे राष्ट्र की आत्मा और हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार है। यह केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह हमारे अधिकारों और कर्तव्यों का मार्गदर्शक भी है।

कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना हमें समानता, स्वतंत्रता और बंधुता की भावना को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करती है। 'हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान' अभियान हर नागरिक के लिए यह समझने का अवसर है कि हमारा संविधान न केवल हमारे अधिकारों की रक्षा करता है, बल्कि हमारी जिम्मेदारियों की भी याद दिलाता है। कार्यक्रम में बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी के विभिन्न विभागों के छात्रों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। वाचन के बाद सभी ने यह शपथ ली कि हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा संविधान में निहित मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने और राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने के संकल्प के साथ हुआ। बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी के विभिन्न विभागों में आयोजित यह कार्यक्रम संविधान के प्रति सम्मान प्रकट करने और संवैधानिक मूल्यों को समाज में प्रसारित करने का एक प्रेरणादायक प्रयास साबित हुआ।





रोहतक। बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में 'हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान' अभियान के तहत राज्यस्तरीय प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम के अवसर पर कुलपति डॉ. एचएल वर्मा, कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार, डिप्ट रजिस्ट्रार बीएल बत्रा व अन्य।



## सृष्टि हुंडई ने लॉन्च की क्रेटा इलेक्ट्रिक

**रोहतक।** सृष्टि हुंडई शोरूम पर हुंडई की बहुतिक्षित क्रेटा इलेक्ट्रिक गाड़ी की शुक्रवार को लांचिंग की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेंद्र प्रसाद जैन, अंश जैन व सचिन जैन रहे। उन्होंने रिबन काटकर कार को लांच किया। शोरूम के जनरल मैनेजर गुलशन सचदेवा ने बताया कि यह देखने में काफी खूबसूरत व आकर्षक फीचर्स के साथ 6 वेरिएंट में है। यह गाड़ी ऑटोमेटिक में लॉन्च की गई है। इसमें दो बैटरी के विकल्प दिए गए हैं एक बैटरी 42 केडब्ल्यूएच की है जो 390 किलोमीटर की रेंज के साथ है और दूसरी बैटरी 5 1.4 केडब्ल्यूएच की है जो 473 किलोमीटर रेंज के साथ लॉन्च की गई है। उन्होंने बताया कि यह गाड़ी जीरो से 100 किलोमीटर की स्पीड 7.9 सेकेंड में पहुंच जाती है। इस गाड़ी में अत्याधुनिक इंटीरियर में एक्सटीरियर के फीचर दिए गए हैं। इसकी लांचिंग के पहले ही दिन 7 गाड़ियों की बुकिंग की गई। यह गाड़ी शुरुआती कीमत 17 लाख 99 हजार 900 में लॉन्च की गई है। गाड़ी के दमदार फीचर्स में इलेक्ट्रिक ड्राइवर सीट व पैसेंजर सीट फ्रंट सीट वेंटिलेशन लेवल 2 एडीएएस, 17 इंच एयरो एलॉय व्हील्स 360 डिग्री कैमरा, पैदल शिफ्टर जैसे अत्याधुनिक फीचर्स उपलब्ध है। इस अवसर पर बैंक अधिकारी नरेश मनचंदा, नितिन कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# 90 कर्मचारियों को दी बुनियादी प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस समिति द्वारा एमडीयू के सुरक्षा कर्मियों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय बुनियादी प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। वाईआरसी प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. अंजू धीमान ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को आपात स्थिति के दौरान प्रभावी ढंग से प्राथमिक उपचार देने बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। डीन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. हरीश दूरेजा ने बतौर मुख्यातिथि इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रो. दुरेजा ने प्राथमिक उपचार को जीवनदायिनी बताते हुए प्रतिभागियों से प्राथमिक उपचार कौशल में दक्षता हासिल करने की बात कही और इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन के लिए यूथ रेड क्रॉस की सराहना की।

दूसरे दिन यूथ रेड क्रॉस कार्यक्रम में प्रो. राधेश्याम ने शुभारंभ किया और जीवन में प्राथमिक उपचार की महत्ता से प्रकाश डाला। प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण अधिकारी डीएस. सैनी तथा एमसी धीमान ने बतौर रिसोर्स पर्सन कार्यक्रम में शिरकत की। वाईआरसी प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. अंजू धीमान ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का समन्वयन वाईआरसी काउंसलर डॉ. कविता द्वारा किया गया, जिसमें वाईआरसी स्वयंसेवकों मोहम्मद शाकिर (छात्र समन्वयक), नेहा और टीम का सक्रिय सहयोग रहा। मंच का संचालन फार्मेसी विभाग की रिसर्च स्कॉलर अमन ने किया। इस कार्यक्रम में एमडीयू के लगभग 90 सुरक्षा कर्मियों और गैर शिक्षण कर्मचारियों ने प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## अब तक 23545 किसानों ने करवाया फसल पंजीकरण : डीसी

**रोहतक।** उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने किसानों का आह्वान किया है कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ लेने तथा अपनी फसल को मंडी में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए अपनी फसल का 20 जनवरी से पूर्व मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण अवश्य करवाएं। अभी तक जिला के 23545 किसानों ने 154237 एकड़ जमीन का पंजीकरण मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर करवा दिया है। शेष किसान भी निर्धारित तिथि तक अपनी फसल का पंजीकरण इस पोर्टल पर करवाएं। धीरेंद्र खडगटा ने बताया कि मेरी फसल-मेरा ब्यौरा प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके अन्तर्गत किसानों को अपनी भूमि का विवरण, बैंक खाता नम्बर व बोई गई फसल का विवरण मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर दर्ज करवाना होता है। मंडी में अपनी फसल को न्यनतम समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए फसल का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। पोर्टल पर पंजीकरण करवाने वाले किसानों को विभाग व हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ मिल सकेगा। उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने बताया कि मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल के माध्यम से किसानों की फसल का पंजीकरण किया जा रहा है। ऐसे में सभी किसान अपनी जमीन पर बोई गयी फसल का पंजीकरण अवश्य करवाएं। किसी कारणवश अपनी जमीन पर फसल की बुआई करने में असमर्थ रहे किसान खाली पड़ी जमीन का पंजीकरण भी अवश्य करवाएं।



## अमन ने मनाली में हुए युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रोहतक।** श्री लालनाथ हिंदू कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवक अमन ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की ओर से हिमाचल प्रदेश के मनाली में आयोजित युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में भागीदारी की। शिविर का आयोजन 8 से 15 जनवरी तक हुआ, जिसमें महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से 28 एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाग लिया। अमन ने विभिन्न गतिविधियों जैसे पर्वतारोहण, टीम निर्माण, नेतृत्व कौशल विकास और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कॉलेज प्राचार्य अनिल कुमार तनेजा ने कहा कि अमन ने कॉलेज का नाम रोशन किया है। युवा नेतृत्व प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम छात्रों को नेतृत्व और सेवा की भावना विकसित करने में मदद करते हैं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रजनी कुमारी ने भी अमन को इस उपलब्धि पर बधाई दी।



## एमडीयू की फिजूलखर्ची पर लगे रोकः कटारिया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय शिक्षक संघ कार्यालय में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के मौजूदा हालात एवं भविष्य की चुनौतियों को लेकर कर्मचारी विकास मंच के अध्यक्ष रणधीर कटारिया की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें कटारिया ने अध्यक्षीय भाषण देते हुए कहा कि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में धीरे-धीरे वित्तीय स्थिति डांवाडोल होती जा रही है ।इ सको लेकर हमने मंथन करना जरूरी है । और विश्वविद्यालय की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ कैसे हो इस पर भी विचार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर ऐसे हालात चलते रहे तो विश्वविद्यालय का विकास रुक जाएगा जो हमारे लिए बड़ी चुनौती होगी। कार्यक्रम में कर्मचारी नेता विकास गिल ने भी कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया। और विश्वविद्यालय कर्मचारियों से संबंधित मांगों भी चर्चा की चाहे मकान पर लगाए गए पेनल्टी रेंट की बात हो। चाहे समय पर पदोन्नति को लेकर समय पर डीपीसी ना होना हो, चाहे लंबे समय से विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की फाइल डायरेक्टर हायर एजुकेशन में पेंडिंग हो समेत सभी मांगों पर चर्चा की और फैसला लिया कि इसको लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन से मिला जायेगा। और प्रशासन को लिखित रूप विश्वविद्यालय से संबंधित मांगों का ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में पूर्व प्रधान फूल कुमार ने भी अपने विचार रखें और अपना हर सहयोग देने का आश्वासन दिया इसके अलावा पूर्व प्रधान सुमेर अहलावत, पूर्व उपप्रधान कुलदीप ग्रोवर, पूर्व महासचिव नरेंद्र शीलक, रविंद्र लोहिया, पूर्व कोषाध्यक्ष विकास अहलावत, हर्षदीप में हुड्डा, वरुण सैनी, एसबीसी कर्मचारी संघ के प्रधान कुलदीप पवार, राजेश खटकड़, विनोद, राजवीर जोगी, संजय देशवाल, नरेश देशवाल, नितिन, डॉ. सुरजीत मलिक, ओम, नितिन भटनागर, मनीष कौशिक, धर्मपाल जगदंबिनी, पवन शर्मा, राजेश शर्मा, ओम प्रकाश यादव, परमिंद्र वाल्मीकि, विजेंद्र चौहान, जसमेर मलिक, सुरेंद्र मलिक, हरीश हुड्डा, दर्शन पूनिया, धर्मवीर, नरेश, भूदत, सहित काफी कर्मचारी विकास मंच के सदस्यों ने गोष्ठी में भाग लिया।

# फिल्मों के जरिए परसेप्शन बदलाव का संदेश कुलपति ने दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा के सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों तथा प्रदेश के गौरवशाली इतिहास एवं धरोहर को पूरे राष्ट्र तथा विश्व के समक्ष सार्थक ढंग से प्रस्तुत करने में सिनेमा तथा मीडिया के अन्य माध्यमों की विशेष भूमिका हो सकती है। जरूरत है कि प्रदेश की प्रगति यात्रा समेत समाज-प्रदेश की प्रगति यात्रा की खूबियों को दुनिया के सामने लाया जाए। यह आह्वान महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय के स्वराज सदन में आयोजित हरियाणा फिल्म महोत्सव 2025 के पोस्टर लोकार्पण समारोह में अध्यक्षीय भाषण में किया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि हरियाणा का भाईचारा तथा सामाजिक सौहार्द गौरव का विषय है।

युवा प्रतिभाशाली नवोदित मीडिया विद्यार्थी इस विषय पर लघु फिल्में बना सकते हैं। फिल्मों के जरिए परसेप्शन बदलाव का संदेश कुलपति ने दिया। उन्होंने कहा कि 4-5 अप्रैल को एमडीयू में हरियाणा सिने फाउंडेशन तथा विश्व संवाद केन्द्र के तत्वावधान में प्रस्तावित फिल्म महोत्सव को विश्वविद्यालय प्रशासन पूरा सहयोग देगा।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता वरिष्ठ मीडियाकर्मी, लेखक अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि आज पूरे देश के लिए संस्कार क्रांति की आवश्यकता है। विद्यार्थियों तथा युवा वर्ग में संस्कारों, मूल्यों, नैतिकता तथा पारिवारिक प्रतिबद्धताओं को प्रोत्साहन दिए जाने की जरूरत है। इस दिशा में फिल्मों की विशेष भूमिका है। अशोक श्रीवास्तव का कहना था कि सिनेमा, साहित्य, पत्रकारिता तथा इतिहास लेखन के जरिए परसेप्शन निर्माण कार्य प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। इस संदर्भ में संप्रति आयोजित किए जा रहे महाकुंभ को सनातन के शाशवत मूल्यों का प्रतीक अनुष्ठान बताते हुए महाकुंभ बारे जागरूकता के लिए फिल्म निर्माण का सुझाव उन्होंने दिया। इतिहास के पन्नों से निकालकर भुलाए गए शहीदों की गाथाओं पर भी डाक्यूमेंट्री फिल्म बनाने का आह्वान अशोक श्रीवास्तव ने किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ मं विश्व संवाद केन्द्र के सचिव राजेश कुमार ने स्वागत भाषण दिया। राजेश कुमार ने प्रस्तावित हरियाणा फिल्म महोत्सव 2025 बारे विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इस फिल्म महोत्सव का फोकस हरियाणा, हरियाणा का समाज, तथा इस प्रदेश के विविध पहलू रहेंगे। उन्होंने कहा कि फिल्में नागरिक विवेक बोध जागृत करने का प्रभावी माध्यम हैं। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि प्रतिष्ठित समाजसेविका समृद्धि जैन इस अवसर पर हरियाणा फिल्म महोत्सव 2025 के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। विश्व संवाद केन्द्र, हरियाणा के अध्यक्ष प्रतिष्ठित नेत्र चिकित्सक, पूर्व कुलपति डॉ. मार्कण्डेय आहूजा ने आभार प्रदर्शन किया। डॉ. आहूजा ने कहा कि सिनेमा, साहित्य, कलात्मक अभिव्यक्ति कॉस्टिमक इंटेलिजेंस को परिलक्षित करता है। डॉ. आहूजा ने विद्यार्थियों के सृजनशीलता को प्रोत्साहन दिए जाने पर बल दिया। मंच संचालन गुरुग्राम विश्वविद्यालय की डॉ. सुप्रिया ने किया। आज के कार्यक्रम में वृत फिल्म, तथा रील्स प्रतियोगिता 2024 की विजयी टीमों तथा प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में फिल्म महोत्सव 2025 के पोस्टर को विमोचन किया गया।

एमडीयू के कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष प्रो. हरीश कुमार, निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी, प्रो. सुनीता सैनी, प्रो. सुरेन्द्र यादव, डा. संजय कुमार, निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी, पीआरओ पंकज नैन इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

हरियाणा के नामचीन कलाकार, संस्कृति कर्मी रामकेश जीवनपुरिया, दीपक कपूर, गगन हरियाणवी, रणजीत चौहान, अभिमन्यु सिंह, हरिओम कौशिक समेत अन्य लब्ध प्रतिष्ठित कलाकार कार्यक्रम में शामिल हुए। सिने फाउंडेशन संगठन की ओर से विक्रांत वीर, विकास, डॉ. रविन्द्र साहू ने विशेष दायित्व निर्वहन किया। गुरुग्राम विश्वविद्यालय के डीन डा. राकेश योगी, सीडीएलयू, सिरसा के पत्रकारिता विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सांगवान व प्राध्यापक डा. रविन्द्र कुमार, डा. अभिषेक गोयल, डॉ. मोनिका जाखड़, डॉ.नीरज करण सिंह, डॉ. अलेखा सच्चिदानंद नायक समेत प्रदेश के विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों के मीडिया शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।





रोहतक। फिल्म महोत्सव के पोस्टर को विमोचन करते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, समाजसेविका समृद्धि जैन, कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा व विश्व संवाद केन्द्र के सचिव राजेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### मदवि में जागरूकता कार्यक्रम होगा आज

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि के यूथ रेड क्रॉस तथा फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में 18 जनवरी को- नर्चरिंग हार्ट एंड ब्रेनः द की टू लोंगेविटी विषयक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वाईआरसी प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. अंजू धीमान तथा एफडीसी निदेशक प्रो. संदीप मलिक ने बताया कि प्रतिष्ठित न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. पवन शर्मा बतौर विशेषज्ञ वक्ता इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

### महर्षि दयानंद विवि में विस्तार व्याख्यान 21 को

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि की पं दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ, लोक प्रशासन विभाग और रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 21 जनवरी को- द प्रॉब्लम ऑफ माइनॉरिटीज इन बांग्लादेश विषय पर विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन करेगा।पं दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के अध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया ने बताया कि हरियाणा साहित्य अकादमी, पंचकूला के निदेशक प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री बतौर मुख्य वक्ता यह व्याख्यान देंगे।

### फॉयरिंग के मामले में पाचवां आरोपी गिरफ़्तार

**रोहतक।** पुलिस ने एमडीयू में युवक पर हुई फायरिंग की वारदात में पांचवें आरोपी को गिरफ्तार किया। सीआईए-2 प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि 30 दिसंबर 2024 को पुलिस को सूचना मिली कि एमडीयू हट में गोली चली है। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरु की। खेड़ीसाध निवासी विक्की की शिकायत के आधार पर पीजीआईएमएस थाना में केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 30 दिसंबर 2024 को विक्की एमडीयू में आया था। विक्की अपने दोस्त हितेश चाय पीने गेट पर आया था। यहां कुछ युवकों ने विक्की पर जान से मारने की नीयत से गोली चलानी शुरु कर दी। आरोपित की पहचान सतेंद्र निवासी जसराना जिला सोनीपत के रूप में हुई है।

# ओमेक्स सिटी को नगर निगम के अधीनस्थ लेने को लेकर बैठक में मंथन

■ ओमेक्स सिटी के पदाधिकारियों को दिए निर्देश, सभी बकाया संबंधित विभागों को जमा करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ओमेक्स सिटी को नगर निगम के अधीनस्थ लेने के विचार विमर्श के लिए शुक्रवार को नगर निगम आयुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बैठक का आयोजन किया। बैठक में नगर निगम, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, ओमेक्स सिटी के पदाधिकारियों ने भाग लिया गया। इस दौरान बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बिजली के कार्य में अभी कुछ खामियां भी हैं तथा बिजली विभाग द्वारा ओमेक्स सिटी द्वारा लंबित बिल की अदायगी, पावर हाउस के कार्य की बैंक ग्रारंटी जमा करवाने, पावर हाउस की भूमि की मलकियत उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम को स्थानांतरित करने के बाद ही ओमेक्स सिटी निवासियों को व्यक्तिगत बिजली के कनैक्शन लगाने का कार्य किया जाएगा।

बैठक के दौरान नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम का काफी सम्पत्तिकर ओमेक्स सिटी पर बकाया है, विशेष ओपन स्थानों का जैसे कि पार्क, सड़क, गलियों आदि से संबंधित एरिया। इस बारे में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि ओकेक्स सिटी के बकाया संपत्तिकर का नोटिस भेजकर संपत्तिकर को जमा करवाया जाए। आयुक्त ने ओमेक्स सिटी के पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द सभी बकाया संबंधित विभागों को जमा करवाएं तथा सभी खामियों को दूर करें, क्योंकि बकाया एवं खामियों के दूर होने के बाद ही ओमेक्स सिटी को नगर निगम के अधीनस्थ लिया जा सकता है।



रोहतक। नगर निगम, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, ओमेक्स सिटी के पदाधिकारियों की मीटिंग लेते नगर निगम आयुक्त धर्मेंद्र सिंह।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त नगर निगम भूपेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियंता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम रोहतक मनिंदर काद्यान, कार्यकारी अभियंता नगर निगम मंदीप सिंह, कार्यकारी अभियंता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम सहित ओमेक्स सिटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# बाबा मस्तनाथ पर फुट ओवर पुल को तोड़ने के चलते रूट डायवर्जन

■ रोहतक से दिल्ली व दिल्ली से रोहतक की तरफ का सड़क मार्ग किया बंद

■ डायवर्जन प्लान की उल्लंघना करने पर होगी कार्रवाई

**दिल्ली से रोहतक आने वाले वाहन:** दिल्ली से रोहतक आने वाहन चालक आईएमटी चौक को पार कर पेट्रोल पंप से पहले बाए कट लेकर ओमक्स से होते हुए दिल्ली बाईपास की तरफ निकलेंगे। वाहन चालकों की सुविधा व सुरक्षा के लिए सड़क पर दिशा सूचक तथा बेरिगेट्स भी लगाए गए है। किसी भी वाहन चालक द्वारा उक्त डायवर्जन प्लान की उल्लंघना की जाती है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दिल्ली रोड बाबा मस्तनाथ के पास बने फुट ओवरब्रिज को कंडम होने के कारण सरकार के दिशानिर्देश अनुसार पुल को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। जिसके कारण रोहतक से दिल्ली व दिल्ली से रोहतक की तरफ का सडक मार्ग बंद हो गया है। फ्लाईओवर को तोड़ने का कार्य शुरु हो गया है, जिसके चलते रोड पूर्णत ब्लॉक कर रुटडायवर्जन किया गया है। यह जानकारी प्रभारी यातायात पूर्व निरीक्षक जोगेन्द्र ने दी है। उन्होंने कहा कि किसी भी वाहन चालक द्वारा उक्त डायवर्जन प्लान की उल्लंघना की जाती है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**रोहतक से दिल्ली की तरफ जाने वाले वाहन:** रोहतक से दिल्ली की तरफ जाने वाहन तिलियार के आगे से होते हुये होटल मैनेजमेंट टी प्वाइंट से बाये तरफ जाएंगे। सिंहासन गार्डन चौक के पास पहुंचेंगे। वहां से दाये तरफ टर्न लेते हुए आईएमटी से होते हुए आईएमटी चौक की तरफ निकलकर अपने-2 गंतव्य की तरफ जाएंगे।

# गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस अलर्ट कॉम्बिंग व सर्चिंग अभियान चलाया

## बम निरोधक दस्ते ने कार्यक्रम स्थल और सार्वजनिक स्थलों को गहनता से खंगाला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर पुलिस सख्त हो गई है। सुरक्षा की दृष्टि से बम निरोधक दस्ते ने चेकिंग अभियान चलाकर कार्यक्रम स्थल व सार्वजनिक स्थलों को खंगाला। एसपी नरेंद्र बिजारणिया के दिशा निर्देशो के तहत गणतंत्र दिवस को ध्यान में रखते हुए सभी पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा के संबंध में सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए है। सभी राजपत्रित अधिकारी, प्रभारी थाना-चौकी अपने-अपने इलाको में सर्चिंग व काम्बिग अभियान जारी रखेंगे। एसपी ने कहा कि सभी संबंधित एरिया में पड़ने वाले सभी होटल, रेस्टोरेन्ट, सराय, धर्मशाला, ढाबे आदि की निरंतर चैकिंग करेंगे। इस दौरान पुलिस ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार, मॉल व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर जांच की और जारी रखने के निर्देश दिए।

### संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तुरंत दें

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति रहता है तो उसकी सूचना तुरंत संबंधित व नजदीकी थाना-चौकी में दें। अगर, कोई संदिग्ध वस्तु या वाहन मिलता है तो इसकी सूचना भी डायल 112 या तुरंत संबंधित नजदीकी थाना-चौकी में दें। आमजन रोहतक पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर 9996464100 या 01262-228113 पर भी सूचना दे सकते हैं। रोहतक पुलिस द्वारा सूचना पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी तथा सूचना देने वाले की पहचान भी गुप्त रखी जाएगी।

### ढाबे व धर्मशाला खंगाली

एसपी के दिशा-निर्देश पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस सर्चिंग एवं कॉम्बिग अभियान चला रही है। पुलिस टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर जिला स्थित होटल, ढाबा, धर्मशाला आदि में ठहरने वाले व्यक्तियों की गहनता से चेकिंग की। शहर थाना रोहतक द्वारा आउटर जींद रोड व थाना सदर द्वारा गांव लाढोत में सुबह के समय अभियान चलाया और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई। पुलिस ने रेलवे स्टेशन के अलावा बस स्टैंड के बाहर सवारियों को लेने वाले ऑटो चालकों को भी आगाह किया है। ऑटो चालकों को बताया गया कि वे ऑटो में बैठने वाली तमाम सवारियों पर निगाह रखें और कोई संदिग्ध स्थिति दिखाई देने पर तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दें। इसी तरह बस स्टैंड पर बस के ड्राइवर और कंडक्टरों को भी हिदायत दी गई है कि वे यात्री के सामान और यात्रियों पर नजर रखें। कोई असहज गतिविधि या व्यक्ति दिखाई देने पर तुरंत कंट्रोल रूम को सूचना दें।



### छात्राओं ने एनएसक्यूएफ शैक्षणिक भ्रमण के दौरान जाने होटल मैनेजमेंट में उपलब्ध करियर विकल्प

**रोहतक।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलानौर की छात्राओं ने होटल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट का शैक्षणिक भ्रमण किया। प्राचार्य देवेंद्र कटारिया ने बताया कि आईटी तथा रिटेल ट्रेड की 170 छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण में भाग लिया। उन्होंने कहा कि एनएसक्यूएफ के अंतर्गत फील्ड विजिट के साथ-साथ करियर काउंसलिंग के लिए विद्यालय की छात्राओं ने होटल मैनेजमेंट संस्थान का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वाधान जिला परियोजना समन्वयक की ओर से ऐसी गतिविधियां चलाई जाती हैं ताकि बच्चों को भविष्य में करियर डेवलपमेंट के लिए मानसिक रूप से सबल बनाया जा सके। एनएसक्यूएफ ट्रेड से आईटी अध्यापिका अंजलि, रिटेल अध्यापक विनोद के साथ अध्यापिका सुभद्रा छात्राओं के साथ शैक्षणिक भ्रमण में शामिल रहे। इंस्टिट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट रोहतक के प्राचार्य संजीब डे तथा फैकल्टी मेंबर विकास, तरुण, प्रियंका तथा मीनाक्षी द्वारा संस्थान में चल रहे विभिन्न प्रकार के कोर्स की जानकारी दी।

# आंगनबाड़ी वर्कर्स ने नियमित करने व सामाजिक सुरक्षा देने की मांग की

■ वर्कर्स ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया

**रोहतक।** आंगबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन एवं स्कीम वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले शुक्रवार को आंगनवाड़ी कर्मियों ने जिला सचिवालय पर प्रदर्शन किया। इसकी अगुवाई यूनियन की राज्य महासचिव पुष्पा दलाल एवं जिला प्रधान रोशनी चौधरी ने की। इससे पहले मानसरोवर पार्क में सभा का आयोजन किया गया। केंद्रीय श्रमिक संगठन, एआईयूटीयूसी के राज्य अध्यक्ष कॉमरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि बारह माह काम करने वाली आंगनवाड़ी कर्मियों की सेवाओं को सरकार नियमित नहीं कर रही है और ना सामाजिक सुरक्षा दे रही है। आंगनवाड़ी कर्मियों पर हर रोज काम का बोझ बढ़ाया जा रहा है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन की राज्य महासचिव सहित तमाम वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश की आंगनवाड़ी कर्मियों को हाल ही में गुजरात उच्च न्यायालय के दिए फैसले के अनुसार स्थाई कर्मचारी का दर्जा समेत तमाम लाभ दिए जाएं। इसके अलावा वर्ष 2020, 2021 की हड़ताल के दौरान का वेतन दिया जाए, प्रधानमंत्री द्वारा घोषित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को 1500 और सहायिकाओं को 750 मासिक का भुगतान किया जाए, पीएमएमवीवाई का तीन साल का भुगतान किया जाए, 50 प्रतिशत पदों पर कार्यकर्ता से सुपरवाइजर व हैल्पर से कार्यकर्ता के तौर पर पदोन्नति देने की मांग की।




### सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत व अन्य पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित

**रोहतक।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय सेवा विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में वरिष्ठ नागरिकों का कल्याण-सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत-सर्वश्रेष्ठ गैर सरकारी संगठन को पुरस्कार देने के लिए आगामी 3 फरवरी तक पोर्टल दोबारा खोला गया है। इस दौरान संबंधित व्यक्ति-संस्थाएं 3 फरवरी 2025 तक आवेदन कर सकती है। इस संदर्भ में अधिक जानकारी के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। यह जानकारी उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने दी। उन्होंने ने बताया कि विभाग द्वारा 10 श्रेणियों सेंटेनेरियन, सर्वोत्तम माता, साहस व बहादुरी पुस्कार, लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार, वरिष्ठ पेंटर, वरिष्ठ मूर्तिकार, वरिष्ठ संगीतज्ञ-गायक, नृत्यक, वरिष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार की प्रत्येक श्रेणी में प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार के लिए 30 हजार दिए जाएंगे।

### शिविर संपन्न, एनएसएस के नियमों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया



**रोहतक।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन में चल रहे एनएसएस शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। खंड शिक्षा अधिकारी रोहतक राजबाला ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या मीता कंसल, रणवीर सिंह, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलम, रामकुमार, ललित कुमार, सुनील दहिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

### वैश्य कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में नवीनीकृत कंप्यूटर लैब का उद्घाटन



**रोहतक।** वैश्य कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में कंप्यूटर लैब का उद्घाटन तथा बुक फेयर का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. तरुणा मल्होत्रा ने बताया कि लैब का उद्घाटन दीपक जिंदल उप प्रधान वैश्य एजुकेशन सोसाइटी, राजेंद्र बंसल जनरल सेक्रेटरी व कोषाध्यक्ष डॉ. चंद्र गर्ग द्वारा किया गया। बुक फेयर में प्रकाशकों ने विभिन्न प्रकार की पुस्तकों का प्रदर्शन किया, जिसमें सामान्य ज्ञान की पुस्तकें, प्रतियोगी पुस्तकें, संदर्भ पुस्तकें, पत्रिकाएं, उपन्यास आदि शामिल रहे। इस अवसर पर गवर्निंग बॉडी के सदस्य ईश्वर चंद्र गुप्ता, नितिन तायल, विकास बंसल, कॉलेजियम सदस्य परवीन, डॉ. मधु, प्रीति दहिया, डॉ. निधि, मीनू गुप्ता, डॉ. अंजू सचदेवा, डॉ. पूजा, डॉ. इंदु, आदि मौजूद रहे।

### राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि सांघी में बच्चों ने मंदिर में श्रमदान किया



**रोहतक।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांघी में एनएसएस शिविर के पांचवे दिन स्वयं सेवकों ने व्यायाम कर अपने आप को वार्मअप किया। फूल सिंह ढाका और ब्रिगेडियर महासिंह हुड्डा ने बच्चों का मेडिटेशन करवाया। मेडिटेशन के द्वारा टेंशन और स्ट्रेस से मुक्ति के गुर सिखाए। इस अवसर पर राकेश, सुनील, नीरज, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामकली, डॉ. नीरज सहित अन्य मौजूद रहे।

### महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में इनक्यूबेशन सेंटर की सुविधाओं की उपलब्धता बारे बताया



रोहतक। मदवि के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी के इनक्यूबेशन सेंटर तथा एमएसएमई, रोहतक के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रो. राहुल ऋषि तथा डॉ. संदीप मलिक की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को इनक्यूबेशन सेंटर की सुविधाओं की उपलब्धता बारे बताया गया और उन्हें स्टार्टअप शुरू करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर डॉ. राजेश, इंजीनियर नवीन खटक, ललित, नरेन्द्र समेत विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। विद्यार्थी रंजन व रोहित ने कार्यक्रम आयोजन सहयोग दिया।

**बैठक** नगर निगम आयुक्त ने ली अधिकारियों की बैठक

# अमृत योजना के विकास कार्य एक माह पर पूरा करने के निर्देश

सीवरेज सिस्टम को लेकर निगम गंभीर, कार्यों को जल्द पूरा किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम आयुक्त धर्मेंद्र सिंह ने अमृत योजना के तहत किए गए सीवर के कार्य को स्थानांतरण करने के लिए अधिकारियों के साथ शुक्रवार को बैठक की। जिसमें नगर निगम, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व संबंधित एजेंसी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान एजेंसी को निर्देश दिए गए कि वे सभी कार्यों की जांच करें, कोई भी सीवर हॉल लीकेज न हो, अगर कोई मैन हॉल बनाया जाना है तो तुरंत बनाया जाये। इसके अलावा अगर कहीं पर लेवल से सम्बन्धित कार्य किया जाना है तो उसे तुरंत करवाया जाये। ऐजेंसी कार्य को गंभीरता से लेकर कार्य करें तथा जिन लाईनो में कैमरों के माध्यम से लाईन की जांच की जानी लंबित है, उनको भी तुरंत करवाये। यह कार्य नगर निगम व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की निगरानी में ही किया जाये। नगर निगम आयुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निरंतर कार्य की निगरानी कर कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करवायें ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलवा एजेंसी को यह भी आदेश दिए गए कि एक महीने के अंदर-अंदर सभी कार्य पूर्ण करवायें तथा उसके बाद कार्यों का नगर निगम व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का निरीक्षण करवाना सुनिश्चित करें, क्योंकि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की संतुष्टि के बाद ही सीवरेज से संबंधित कार्य को स्थानांतरित किया जायेगा। इस मौके पर नगर निगम कार्यालय से कार्यकारी अभियंता मदीप सिंह, सहायक अभियंता सुनिल शर्मा, कनिष्ठ अभियंता नरेश कुमार, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कार्यालय से कार्यकारी अभियंता रोहित कुमार, एसडीओ प्रदीप व रोहित, कनिष्ठ अभियंता शशि वर्मा, अजय तथा वाप्कोस लिमिटेड से सिविल एक्सपर्ट एसएस लाम्बा व अन्य मौजूद रहे।



रोहतक। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों का बैठक लेते

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20